लगाये रंग राधा प्यारी | By Simran Kaur

देखो झूम रही धरती और झूमे गगन
मेघ बरसाए बदरा होके मगन
होली खेल रहे कृष्ण मुरारी
लगाए रंग राधा प्यारी
मन झूम रहा देखो छवि न्यारी
लगाए रंग राधा प्यारी

रंग रसिया रंग खेल रहे हैं
हाथ में लेके कनक पिचकारी
वृन्दावन की कुञ्ज गलिन में
दौड़ रहे हैं कृष्ण मुरारी
लीला रच रहे लीलाधारी
लगाए रंग राधा प्यारी

सतरंगी सी सजी फुलवारी
हर्षित हो रही दुनिया सारी
स्वर्ग सा सुन्दर लगे वृन्दावन
भीग रहे हैं सब नर नारी
कृपा बरसा रहे बनवारी
लगाए रंग राधा प्यारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-simran-kaur/